**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1003**
**उत्तर देने की तारीख 26 जुलाई, 2023**

**एफटीटीएच कनेक्शन**

**1003. श्री जी.एम.सिद्देश्वर:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत संचार निगम लिमिटेड कर्नाटक के जिलों में भारतनेट चरण-एक के अंतर्गत एफटीटीएच कनेक्शन कब तक जारी करना शुरू करेगा;

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में एफटीटीएच कनेक्शन प्रदान करने के लिए आईएसपी को आकर्षित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;

(ग) भारतनेट परियोजना के कम उपयोग के क्या कारण हैं;

(घ) कर्नाटक में सभी गांवों को इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए क्या कार्य योजना है; और

(ङ) क्या भारतनेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए वाई-फाई प्रौद्योगिकी का व्यापक रूप से उपयोग किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कर्नाटक के ग्रामीण क्षेत्रों में वाई-फाई प्रौद्योगिकी के उपयोग कि क्या योजना है?

**उत्तर**
**संचार राज्य मंत्री**
**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) बीएसएनएल ने कर्नाटक के जिलों में भारतनेट परियोजना के तहत फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रदान करने के लिए कार्य पहले ही शुरू कर दिया है।

(ख) से (ङ) कर्नाटक सहित देश की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित किया गया है। हाल ही में कर्नाटक सहित भारतनेट के कार्यक्षेत्र को देश की ग्राम पंचायतों से इतर सभी बसावट वाले गांवों तक विस्तारित कर दिया गया है।

भारतनेट परियोजना के तहत सृजित अवसंरचना राष्ट्रीय परिसंपत्ति है जो सेवा प्रदाताओं के लिए गैर-भेदभावपूर्ण आधार पर सुलभ है और इसका उपयोग वाई-फाई हॉटस्पॉट, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन, लीज्ड लाइनें, डार्क फाइबर, बैकहॉल टू मोबाइल टावर्स आदि जैसी ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।

जून, 2023 तक भारतनेट के माध्यम से कर्नाटक के विभिन्न जिलों में स्थित 1710 ग्राम पंचायतों में कुल 16004 फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन शुरू किए गए हैं।

इसके अलावा भारतनेट के प्रभावी उपयोग के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(i) ग्रामीण क्षेत्रों में फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रदान करने के लिए भारतनेट उद्यमी स्कीम के तहत राजस्व हिस्सेदारी मॉडल के माध्यम से आईएसपी को फ्रेंचाइजी के रूप में नियुक्त करने हेतु आकर्षित करने के लिए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) का अखिल भारतीय सम्मेलन दिनांक 12-13 जून, 2023 को आयोजित किया था।

(ii) भारतनेट चरण-। के उपयोग को मेसर्स कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) ई-गवर्नेंस लिमिटेड को दिनांक 01.07.2019 से दिनांक 30.06.2022 तक सौंपा गया था और दिनांक 01.07.2022 से भारतनेट नेटवर्क के उपयोग का कार्य भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपा गया है। इस नई व्यवस्था से भारतनेट के उपयोग को गति मिल रही है और जून 2023 तक, कर्नाटक सहित देश में 5.67 लाख (चरण-। - 4.25 लाख और चरण-॥ - 1.42 लाख) फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन शुरू किए जा चुके हैं।

सरकार ने कर्नाटक सहित भारत के सेवा से वंचित सभी गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज प्रदान करने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा कार्यान्वित 4जी सैचुरेशन स्कीम भी शुरू की है।

*****